लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

वैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी 4:01 तक उपरांत नवमी, विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 162, पृष्ठ 14, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, शुक्रवार, 28 अप्रैल 2023

Page No : 07 Top

एसआरएमएस में हुआ एक दिवसीय टेक फेस्ट का आयोजन

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में इलैक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन, इलैक्ट्रीकल एंड इलैक्ट्रानिक्स एवं मैकेनिकल विभाग में एक दिवसीय टेक फेस्ट 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ ट्रस्ट एडवाईजर ई . सुभाष मेहरा, डीन एकेडमिक्स प्रो .डा . प्रभाकर गुप्ता, डायरेक्टर आईक्यूएसी सैल डा . डीएन राव, विभागाध्यक्ष ई .नाजिया परवीन और डा . रविन्द्र कुमार ने दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष ई . नजिया परवीन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्य को विस्तार से बताया। डीन एकेडमिक्स प्रो . प्रभाकर गुप्ता ने टेक फेस्ट में कविता में माध्यम से छात्रों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में 317 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। फेस्ट में ट्रिकी सर्किट में आयूष कुमार रवि सिंह व अक्षय मिश्रा प्रथम स्थान पर रहे। कैड ट्रिक्स में प्रथम विजेता सुभनेश कुमार, डी कोड दी हिडन में प्रथम विजेता नेहा सिन्हा, दिव्या तिवारी व अरुण सक्सेना रहे। बगवार में मो . अयान प्रथम, पोस्टर प्रजेन्टटेशन में सक्षम आदित्य, लेट्स गेट्स क्यूजीकल में अभय यादव, रोहित सिंह, सचिन कुमार, काफी क्लैच में शुभम शर्मा, सक्षम आदित्य, लाइन फालोवर रोबोट में संचित अग्रवाल, खुशी मेहरोत्रा प्रथम स्थान पर विजेता रहे। डा . रविन्द्र कुमार, मैकेनिकल विभाग के विभागाध्यक्ष ने प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक्स प्रो . डा . प्रभाकर गुप्ता और डायरेक्टर आईक्यूएसी सैल डा . डीएन राव ने विजेताओं को शील्ड व सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया।